कार्यालय जिला रसद अधिकारी, बीकानेर

क्रमांकः–सीबी/रसद/एफपीएस/विज्ञप्ति/2026/155 दिनांकः– 3/08/2026

विज्ञप्ति

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के पत्रांकः एफ 17(1) खावि/विधि/08 दिनांक 17.03.2016 एवं पत्रांकः एफ 17(5) खावि/न्याय/महि.आर/2019 दिनांक 25.11.2020 द्वारा जारी उचित मूल्य दुकानों के आवंटन हेतु दिशा–निर्देशों के तहत सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत जिले की तहसील नोखा, लूणकरनसर, खाजूवाला एवं बीकानेर (ग्रामीण क्षेत्र) की पूर्व में विज्ञप्ति में आवंटन से शेष रही रिक्त/नवसृजित उचित मूल्य दुकानों के आवंटन हेतु विभागीय निर्देशानुसार इच्छुक पात्र व्यक्तियों से राजस्थान खाद्यान्न एवं अन्य आवश्यक पदार्थ (वितरण का विनियमन) आदेश 1976 के खण्ड 3(1) के अन्तर्गत प्राधिकार–पत्र जारी किये जाने हेतु सशुल्क आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते है।

आवेदन पत्र दिनांक 10 अगस्त 2026 सायं 5.00 बजे तक कार्यालय जिला रसद अधिकारी, बीकानेर (कलेक्ट्रेट परिसर) से (राजकीय अवकाश को छोड़कर) 100/– रूपये का भारतीय पोस्टल ऑर्डर जिला रसद अधिकारी, बीकानेर के पक्ष में प्रस्तुत कर प्राप्त किए जा सकते है एवं भरे हुए आवेदन–पत्र भी दिनांक 10 अगस्त 2026 सायं 5.00 बजे तक जमा करवाए जा सकते है। रिक्त/नवसृजित उचित मूल्य दुकानों का विवरण निम्नानुसार हैः–

क्र.सं.	नगर निगम/तहसील का नाम	ग्राम/वार्ड का नाम	रिक्त	नगर निगम क्षेत्र/ग्राम पंचायत	आरक्षण स्थिति
1.	तहसील बीकानेर ग्रामीण क्षेत्र	ग्राम बीछवाल पोस कोड 26831	रिक्त	पेमासर	महिला आरक्षित
2.	तहसील बीकानेर ग्रामीण क्षेत्र	ग्राम नौरंगदेसर पोस कोड 11161	रिक्त	नौरंगदेसर	अनारक्षित
3.	तहसील बीकानेर ग्रामीण क्षेत्र	ग्राम दाउदसर पोस कोड 1088	रिक्त	दाउदसर	महिला आरक्षित
4.	तहसील बीकानेर ग्रामीण क्षेत्र	ग्राम हिम्तासर	नवसृजित	हिम्तासर	अनारक्षित
5.	तहसील क्षेत्र नोखा	किशनासर	नवसृजित	किशनासर	अनारक्षित
6.	तहसील क्षेत्र खाजूवाला	ग्राम नौसेरा पोस कोड 11136	रिक्त	नौसेरा	अनारक्षित
7.	तहसील क्षेत्र खाजूवाला	ग्राम बेरियावली पोस कोड 26902	रिक्त	बेरियावली	अनारक्षित
8.	तहसील क्षेत्र खाजूवाला	ग्राम 05 की पूली पोस कोड 11440	रिक्त	2 केएलडी	अनारक्षित
9.	तहसील क्षेत्र खाजूवाला	ग्राम 34 केवाईडी पोस कोड 30932	रिक्त	34 केवाईडी	महिला आरक्षित
10.	तहसील क्षेत्र लूणकरनसर	ग्राम हाफासर	नवसृजित	हाफासर	अनारक्षित

RajKaj Ref No.: 23783134

Digitally signed by NARESH SHARMA
Designation: District Supply Officer
Date: 2026-08-03 17:29:31 IST

Scanned with OKEN Scanner

उपरोक्त रिक्तियों के संबंध में विभागीय पत्रांकः एफ 17 (1) खावि/विधि/08 दिनांक 17.03.2016 एवं समय-समय पर जारी अन्य निर्देशों तथा एवं पत्रांकः एफ.17(5) खा.वि./न्याय/महि.आर./2019 दिनांक 25.11.2020 द्वारा जारी उचित मूल्य दुकानों के आवंटन के दिशा- निर्देश में वर्णित चयन प्रक्रिया अनुसार कार्यवाही की जावेगी । उचित मूल्य दुकानों के आवंटन के संबंध में योग्यता, चयन मापदंड एवं अन्य दिशा-निर्देश तथा रिक्त उचित मूल्य दुकानों के संबंध में विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाईट व जिला रसद कार्यालय बीकानेर में अवलोकन हेतु उपलब्ध है।

उक्त रिक्तियों में कमी/वृद्धि/संशोधन कार्यालय द्वारा किया जा सकता है तथा रिक्तियों को भरने/नहीं भरने के संबंध में कार्यालय का निर्णय सुरक्षित रहेगा।

उक्त विज्ञप्ति में दुकानों का आवंटन/नियुक्ति विभिन्न अपीलीय/न्यायिक न्यायालयों के निर्णयों के अध्यधीन होगा।

नोटः- पूर्व में जारी विज्ञप्ति के अन्तर्गत प्राप्त आवेदन-पत्रों (चयनित आवेदन-पत्रों को छोड़कर) को निरस्त किया जाता है। अतः उक्त वार्डो/ग्रामों हेतु इच्छुक पात्र आवेदक को पुनः नये सिरे से आवेदन-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

यह आदेश पूर्व में सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

(नरेश शर्मा)
जिला रसद अधिकारी
बीकानेर
दिनांक :- 03/08/2026

क्रमांक : सम/156-170

प्रतिलिपि :-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित् है :-

1. विशिष्ट सचिव , माननीय मंत्री खाद्य एव नागरिक आपूर्ति विभाग,राजस्थान जयपुर।
2. श्रीमान् अतिरिक्त मुख्य सचिव, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग राजस्थान, जयपुर।
3. श्रीमान् संभागीय आयुक्त , बीकानेर।
4. श्रीमान् अतिरिक्त खाद्य आयुक्त, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, राजस्थान जयपुर।
5. माननीय सासद महोदय, बीकानेर।
6. निजी सचिव, जिला कलक्टर, बीकानेर।
7. श्रीमान् उपायुक्त एवं उपशासन सचिव, प्रथम/द्वितीय, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, राजस्थान जयपुर।
8. ए.सी.पी. खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग जयपुर को उक्त विज्ञप्ति को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु।,
9. उपखण्ड अधिकारी , नोखा, लूणकरनसर, खाजूवाला एवं बीकानेर।
10. विकास अधिकारी, पंचायत समिति नोखा, लूणकरनसर, खाजूवाला एवं बीकानेर।
11. एसीपी, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, बीकानेर को जिले की वेबसाईट पर विज्ञप्ति को अपलोड करने बाबत्।
12. उप निदेशक जिला सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय, बीकानेर को जनहित में दैनिक समाचार पत्रो में नि:शुल्क प्रकाशनार्थ।
13. सरपंच, ग्राम पंचायत .....
14. प्रवर्तन अधिकारी/निरीक्षक, तहसील नोखा, लूणकरनसर, खाजूवाला एवं बीकानेर ।
15. रक्षित पत्रावली।

जिला रसद अधिकारी
बीकानेर

Digitally signed by NARESH SHARMA
Designation: District Supply Officer
Date: 2026-08-03 17:29:31 IST

RajKaj Ref No.:
23783134

Scanned with OKEN Scanner